# कोठारी इंटरनेशनल स्कूल, नोएडा

## सत्रांत परीक्षा, सत्र- 2025-26

### कक्षा: 8 , विषय: हिंदी

### भाग -1 (साहित्य एवं व्याकरण), सेट-'ए'

**दिन व दिनांक: शुक्रवार - फरवरी 27, 2026**

**अधिकतम अंक: 40** — **समय सीमा: 1 घंटा**

**नाम: ________________** — **अनुक्रमांक: ________**

---

***<u>सामान्य निर्देश -</u>***

*i) इस प्रश्न पत्र में मुद्रित पृष्ठ-8, प्रश्नों की संख्या-8 तथा उप प्रश्नों की संख्या 40 है|*

*ii) प्रश्न-1 के लिए 7 अंक , प्रश्न-2 के लिए 5 अंक , प्रश्न 3 के लिए 6 अंक प्रश्न 4 के लिए 10 अंक तथा प्रश्न 5 के लिए 5 अंक ,प्रश्न 6 के लिए 2 अंक, प्रश्न 7 के लिए 2 अंक, प्रश्न 8 के लिए 3 अंक निर्धारित हैं |*

*iii) सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है |*

*iv) प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ लीजिए |*

## खंड 'क' अपठित गद्यांश (7अंक)

**प्रश्न1) दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न 1-3 के लिए उचित विकल्प चुनें तथा प्रश्न 4&5 का उत्तर लिखें - (1×7=7)**

भिक्षावृत्ति (भीख माँगना) हमारे समाज की एक गंभीर समस्या है। यह केवल सामाजिक बुराई ही नहीं, बल्कि आर्थिक और नैतिक दृष्टि से भी चिंता का विषय है। भारत जैसे प्राचीन और सांस्कृतिक रूप से संपन्न देश में जहाँ "कर्म ही पूजा है" का संदेश दिया गया है, वहाँ लोगों का हाथ फैलाकर भिक्षा माँगना राष्ट्र की छवि को आहत करता है। भिक्षावृत्ति का सबसे बड़ा कारण गरीबी है। जब लोग रोज़गार से वंचित होते हैं और उनके पास जीविका का कोई साधन नहीं होता, तब वे भीख माँगने को मज़बूर हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त अशिक्षा, बेरोज़गारी, विकलांगता और सामाजिक उपेक्षा भी इस समस्या को बढ़ाते हैं। कई बार लोग कठिन परिश्रम करने के बजाय आसान रास्ता अपनाकर भिक्षावृत्ति को ही जीवन का साधन बना लेते हैं। धार्मिक स्थलों, बस अड्डों और बाज़ारों में भिक्षुक आसानी से देखे जाते हैं। इससे समाज में नकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न होता है। सबसे चिंताजनक पहलू है–संगठित भिक्षावृत्ति। गिरोह बनाकर बच्चों और स्त्रियों से भीख मँगवाना अपराध का रूप धारण कर चुका है। इससे मानवीय अधिकारों का हनन होता है और यह नैतिकता पर गहरी चोट पहुँचाता है। इस समस्या का

समाधान तभी संभव है जब सरकार और समाज दोनों मिलकर प्रयास करें। सरकार को शिक्षा, प्रशिक्षण और रोज़गार की योजनाएँ बनानी होंगी। समाज को भी ऐसे व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग देना होगा। यदि दान की परंपरा को केवल भिक्षा तक सीमित न रखकर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोज़गार में लगाया जाए, तो समस्या का स्थायी समाधान हो सकता है। भिक्षावृत्ति केवल दया की पात्र नहीं, बल्कि हमारी संवेदनहीनता का दर्पण भी है। हमें ज़रूरत है कि भिक्षुकों को श्रम और आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करें। तभी राष्ट्र की सच्ची प्रगति संभव होगी।

**i) भिक्षावृत्ति बढ़ने के क्या कारण हैं ?** **(1)**

(क) अशिक्षा

(ख) पारिवारिक समस्याएँ

(ग) सामाजिक उपेक्षा

(घ) क और ग दोनों सही हैं

**ii) संगठित भिक्षावृत्ति में प्रायः किसे भीख मँगवाने में लगाया जाता है?** **(1)**

(क) विद्यार्थी

(ख) बच्चे और स्त्रियाँ

(ग) व्यापारी

(घ) सैनिक

**iii) सही अथवा गलत लिखिए-** **(.5×2=1)**

क) भिक्षावृत्ति राष्ट्र की प्रगति में सहायक है। -----------------------

ख) धार्मिक स्थलों, बस अड्डों ,बाज़ारों और सिनेमा घरों में भिक्षुक आसानी से देखे जाते हैं। -----------------------

**iv) भिक्षावृत्ति को समाज और राष्ट्र के लिए हानिकारक क्यों कहा गया है**? **(2)**

**उत्तर** ----------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------

**v) दान की परंपरा को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोज़गार में लगाने से समाज को क्या लाभ होंगे**? **(2)**

उत्तर ------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

## पठित काव्यांश ( 5 )

**प्रश्न2) दिए गए पठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखें -** **(1×5=5)**

हम भिखमंगों की दुनिया में,
स्वच्छंद लुटाकर प्यार चले,
हम एक निसानी - सी उर पर,
ले असफलता का भार चले।
अब अपना और पराया क्या?
आबाद रहें रुकने वाले!
हम स्वयं बँधे थे और स्वयं
हम अपने बँधन तोड़ चले।

i) **दिए गए विकल्पों से 'प्रस्तुत पंक्तियों की कविता एवं कवि का नाम चुनें-** **(1)**

(क) 'दीवानों की हस्ती' , भगवतीचरण वर्मा
(ख) दीवानों की हस्ती' रामधारी सिंह 'दिनकर'
(ग) 'दीवाने' रामदरश मिश्र
(घ) 'दीवानों की कथा' सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

ii) **भिखमंगों की दुनिया किस प्रकार की है ?** **(1)**

(क) भिखमंगे अजीब होते हैं
(ख) भिखमंगे बहुत विचित्र होते हैं
(ग) भिखमंगे दया नहीं करते
(घ) भिखमंगे लेना जानते हैं, देना नहीं

iii) **दीवाने अपने ह्रदय पर कैसी निशानी ले जाते हैं?** **(1)**

(क) प्रसन्नता
(ख) निराशा
(ग) असफलता
(घ) सफलता

iv) **दीवानों का हृदय कैसा होता है?** **(1)**

(क) भावुक

(ख) संवेदनशील

(ग) कठोर

(घ) विकल्प क और ख दोनों सही हैं

v) **'उर' शब्द का क्या अर्थ है?** **(1)**

(क) कैद

(ख) हृदय

(ग) चलना

(घ) घूमना

## खंड 'ख'- व्याकरण

**28 अंक**

**प्रश्न3) निर्देशानुसार उत्तर लिखें -** **(1×6=6)**

i) 'राष्ट्रीय' **(प्रत्यय और मूलशब्द अलग करके लिखें )**

**उत्तर** ..........................................................................................

ii) वह <u>धीरे</u> चलता है। **( रेखांकित शब्द विशेषण है या क्रियाविशेषण )**

**उत्तर** ..........................................................................................

iii) 'अज्ञानता' **- ( निम्न शब्द से उपसर्ग, मूल शब्द और प्रत्यय तीनों को अलग करके लिखें)**

**उत्तर** ..........................................................................................

iv) सहकर्मी **(एक शब्द के लिए अनेक शब्द लिखिए )**

**उत्तर** ..........................................................................................

v) 'त्रिभुज' **( समास विग्रह कर समास का नाम बताएँ )**

**उत्तर** ..........................................................................................

vi) **'उप'** **(उपसर्ग का प्रयोग कर दो शब्द बनाइए)**

**उत्तर 1.......................................... 2. ....................................................**

**प्रश्न4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनिए -** **1×10=10**

i) **पक्षी डालियों पर बैठकर नीम की निबौरी खा रहे हैं | इस वाक्य में कौन - सा क्रिया भेद प्रयुक्त है?** **(1)**

क) अकर्मक

ख) सकर्मक

ग) रीतिवाचक

घ) संख्यावाचक

ii) **पिकनिक पर गए छात्र रास्ता भटक गए | वाक्य में प्रयुक्त क्रिया तथा काल का उचित विकल्प कौन - सा है?** **(1)**

क) गए , भविष्यत् काल

ख) गए , वर्तमान काल

ग) भटक गए , भूतकाल

घ) भटक , वर्तमान काल

iii) **'वधूत्सव' में कौन - सी संधि है?** **(1)**

क) गुण संधि

ख) वृद्धि संधि

ग) दीर्घ संधि

घ) अयादि संधि

iv) **बोर्ड परीक्षा के दिनों में बच्चे रातभर पढ़ते हैं | वाक्य में प्रयुक्त क्रियाविशेषण है-** **(1)**

क) पढ़ते हैं

ख) रातभर

ग) बच्चे

घ) बोर्ड

v) **<u>नटखट</u> बच्चों ने पुस्तक के <u>कुछ</u> पृष्ठ फाड़ दिए| रेखांकित शब्द विशेषण के कौन-से भेद हैं?** **(1)**

क) गुणवाचक तथा सार्वनामिक विशेषण

ख) परिमाणवाचक तथा गुणवाचक विशेषण

ग) परिमाणवाचक तथा सार्वनामिक विशेषण

घ) गुणवाचक तथा संख्यावाचक विशेषण

vi) **दिए गए विकल्पों में से 'सुरेंद्र' का सही संधि विच्छेद कौन - सा है?** **(1)**

क) सुर + इंद्र

ख) सुरा + इंद्र

ग) सुर + इंदिरा

घ) सुरे + ईंद्र

vii) **नौकर ने ........... तुलसी के पौधे तथा ............... खाद खरीदी | रिक्त स्थान में उचित विशेषण भरिए|** **(1)**

क) एक किलो , तीन

ख) दो, दस किलो

ग) एक , थोड़ी

घ) 250 ग्राम , 100 ग्राम

viii) **वह ----------------------है, इसलिए टीम में घुल-मिल नहीं पाता। उचित मुहावरा चुनकर वाक्य पूरा करें-** **(1)**

क) दिन-रात एक करना,

ख) हाथ- पैर मारना

ग) अपनी दाल - सब्ज़ी अलग पकाना

घ) अपनी खिचड़ी अलग पकाना

ix) **'पंचवटी' सामासिक शब्द का सही समास विग्रह और समास का नाम वाला विकल्प चुनिए-** **(1)**

क) पाँच वट वृक्षों का समूह , द्विगु समास

ख) पाँच बागों का समूह , द्विगु समास

ग) पाँच झीलों का समूह , द्वंद्व समास

घ) पाँच वट वृक्षों के लिए , तत्पुरुष समास

x) **हमारी वार्षिक परीक्षा फरवरी में शुरू होंगी | वाक्य में प्रयुक्त विशेष्य है -** **(1)**

क) फरवरी

ख) परीक्षा

ग) हमारी

घ) होंगी

**प्रश्न5) नीचे दिए गए सही युग्मों (जोड़ों) की पहचान कर उचित विकल्प चुनिए -** **(5)**

i) **. कथन - बारिश होगी तो राहत मिलेगी | यह वाक्य भूतकाल का उदाहरण है |** **(1)**

**. कारण - कार्य वर्तमान में होने की सूचना दे रहा है |**

क) कथन और कारण दोनों गलत हैं |

ख) कथन और कारण दोनों सत्य हैं और कारण कथन की सही व्याख्या है|

ग) कथन सत्य है लेकिन कारण गलत हैं|

घ) कथन गलत है लेकिन कारण सही हैं|

ii) **(1)**

| | | |
|---|---|---|
| क) मूसलाधार बारिश हुई | - | भविष्य काल |
| ख) अमृता पत्र लिखेगी | - | अकर्मक क्रिया |
| ग) बच्चों ने गुब्बारे खरीदे | - | सकर्मक क्रिया |
| घ) स्नेहा जा रही है | - | वर्तमान काल |

**1) क और ख सही हैं|**

**2) केवल ग सही है|**

**3) क, ख और घ सही हैं|**

**4) ग और घ सही हैं|**

**iii)** **(1)**

| | | |
|---|---|---|
| क) रसोईघर | - | रसोई और घर |
| ख) पाप - पुण्य | - | पाप तथा पुण्य |
| ग) त्रिभुवन | - | तीन भवनों का समाहार |
| घ) नवरात्रि | - | नौ देवियाँ |

**1) क और ख सही हैं|**

**2) केवल ख तथा ग सही हैं|**

**3) क, ख और ग सही हैं|**

**4) ग और घ सही हैं|**

iv) **निम्नलिखित अनेक शब्दों को उनके एक शब्द से मिलाइए-** **(.5x4=2)**

| **(क)** | **(ख)** |
|---|---|
| • हाथ से लिखा हुआ | पारदर्शी |
| • पंद्रह दिन में एक बार होने वाला | निशाचर |
| • रात में घूमने वाला | हस्तलिखित |
| • जिसके पार देखा जा सके | पाक्षिक |

**प्रश्न**6) **दिए गए मुहावरों में से <u>किन्हीं दो</u> मुहावरों के अर्थ लिखकर उनका वाक्य में प्रयोग करें -** घुटने टेकना , अंग - अंग खिल उठना दाँतों तले उँगली दबाना , अक्ल पर पत्थर पड़ना **(1×2=2)**

**उत्तर**

1.------------------------------------------ ---------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------

2..------------------------------------------ -------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------------

**प्रश्न7) नीचे दी गई पंक्तियों में उचित विराम चिहन लगाइए -** **(.5x4=2)**

1.रामचरितमानस तुलसीदास द्वारा रचित ग्रंथ है

कलम

2. मैं अपनी लाना भूल गया

**प्रश्न8) निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर सही के सामने सही और गलत के सामने गलत लिखिए-** **(1x3=3)**

**i)** क्रियाविशेषण संज्ञा तथा सर्वनाम की विशेषता बताते हैं | **----------------** **(1)**

ii) मुहावरे वाक्यांश होते हैं | ----------------- **(1)**

**iii)** 'सत्याग्रह' गुण संधि का उदाहरण है| **----------------** **(1)**